Re: Need to modify the design of underpass being constructed on

Ganga Expressway-laid

श्री कंवर सिंह तंवर (अमरोहा): उत्तर प्रदेश की गढ़ विधानसभा मेरे संसदीय क्षेत्र अमरोहा के अंतर्गत आती है जिसमें गंगा एक्सप्रेस वे का निर्माण कार्य चल रहा है और इसके अंतर्गत लोटी में 20 से अधिक गांवों को मतनोरा कनिया संपर्क मार्ग से जोड़ने वाले अंडरपास का काम भी चल रहा है । हालाँकि, इस अंडरपास के आकार को लेकर किसानों का आंदोलन चल रहा है क्योंकि उनके गन्ने, पशु चारा और भूसे से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली इस अंडरपास से नहीं गुजरेंगे उनके उपयोग के लिए यह उपयुक्त नहीं है । इसकी ऊंचाई और चौड़ाई उनके इस्तेमाल के लिए उपयुक्त नहीं है और गंगा एक्सप्रेस वे शुरू होने के बाद उन्हें अपने खेतों से गाँव या कारखानों तक सड़क पार करने के लिए लंबा चक्कर लगाना पड़ेगा । किसान आंदोलन पर बैठे हैं और इस अंडरपास की ऊंचाई और चौड़ाई बढ़ाने की मांग कर रहे हैं । इसलिए मेरा माननीय केंद्रीय मंत्री से अनुरोध है कि कृपया इस अंडरपास के चल रहे काम को तत्काल रोकें और इसकी ड्राइंग को संशोधित करें जो गढ़ विधानसभा के इस बिंदु पर 20 से अधिक गाँवों के किसानों के उपयोग को पूरा कर सके ।